मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-309
09/09/2019

मुख्यमंत्री के समक्ष कृषि वानिकी नीति 2019 निर्धारित करने के संबंध में प्रस्तुतीकरण

पटना, 09 सितम्बर 2019 :– 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के समक्ष कृषि वानिकी नीति 2019 निर्धारित करने के प्रस्ताव के संबंध में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार सिंह ने प्रस्तुतीकरण दिया। प्रस्तुतीकरण के क्रम में कृषि वानिकी नीति की वर्तमान स्थिति, बिहार के लिये कृषि वानिकी नीति की आवश्यकता, उसके संबंध में दृष्टि, रणनीति, लक्ष्य एवं उद्देश्य के बारे में भी बताया गया। कृषि वानिकी से संबंधित वन विभाग, कृषि विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत चलायी जा रही योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गयी। कृषि वानिकी योजनान्तर्गत 2012–13 से 2018–19 तक 846.82 लाख पौधे लगाये जाने के संबंध में भी जानकारी दी गयी। प्रस्तुतीकरण के क्रम में बताया गया कि कृषि वानिकी नीति का उद्देश्य कृषि वानिकी को कृषि के महत्वपूर्ण घटक के रूप में स्थापित कर सकल घरेलू उत्पाद के रूप में उसका योगदान बढ़ाना है। कृषि पर आश्रित लोगों के लिये यह अतिरिक्त रोजगार एवं आय का साधन बन सके। कृषि, बागवानी, औषधीय, मत्स्य पालन आदि विभिन्न अवयवों का समन्वय करते हुये ग्रामीण लोगों के आर्थिक उन्नयन को भी सुनिश्चित किया जा सके।

प्रस्तुतीकरण के क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि वानिकी उत्पादों की मार्केटिंग के लिये काम करने की जरूरत है। पॉपुलर पौधे की मार्केटिंग के लिये विशेष रूप से काम करना होगा। नीति के प्रारूप को बेहतर ढ़ंग से तैयार करने से उसको क्रियान्वित करने में सहुलियत होती है। हर तरह का पौधा जल–जीवन–हरियाली अभियान का एक हिस्सा होगा। इससे ग्रीन कवर भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि किसानों के बीच क्रॉप सायकिल को प्रमोट करना होगा और इसे प्रचारित भी करना होगा।

बैठक में मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, विकास आयुक्त श्री अरूण कुमार सिंह, प्रधान सचिव स्वास्थ्य श्री संजय कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, सचिव कृषि श्री एन0 श्रवण कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, अपर सचिव मुख्यमंत्री सचिवालय श्री चन्द्रशेखर सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

******